कितना धन राशि का भुगतान किया जा चुका है और देश में कितनी तोपें प्राप्त हुई हैं और प्राप्त की जायेंगी और क्या प्राप्त हुई तोपों का परीक्षण किया गया है; यदि हां, तो उनके क्या परिणाम निकले हैं; और

(ग) क्या यह सच है कि ये तोपें घटिया किस्म की हैं; यदि हां तो इसके क्या कारण हैं?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राजा रमन्ना) : (क) से (ग) जिन तोपों के लिए आदेश दिए गए हैं वे प्राप्त कर ली गई हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे विनिर्दिष्टियों के अनुरूप हैं, क्योंकि उसके बाद ही उन्हें सेना द्वारा स्वीकार किया जाता है, गुणता आश्वासन निदेशालय ने इसका गहन निरीक्षण किया है। ठेके की शर्तों के अनुसार इन तोपों के लिए भुगतान भी किया जा रहा है।

बोफोर्स तोप संविदा संबंधी जांच कार्य में प्रगति

1729. **श्री मिर्जा इर्शादबेग** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बोफ़ोर्स तोप संविदा संबंधी जांच इस समय किस चरण में है और इस संबंध में पूर्व सरकार द्वारा की गई प्रगति के अतिरिक्त वर्तमान सरकार द्वारा की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है और इस जांच में किन साधनों का प्रयोग किया जा रहा है;

(ख) भूतपूर्व रक्षा सचिव द्वारा दिए गए बयान का ब्यौरा क्या है और क्या उनसे कोई विशेष सूचना उपलब्ध हुई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या पूर्व प्रधान मंत्री द्वारा किया गया इस आशय का प्रस्ताव, कि इस संविदा से संबंधित सभी दस्तावेज और पत्रव्यवहार सभी सांसदों को दिखाया जाए, सरकार ने स्वीकार कर लिया है; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार द्वारा जांच कब तक पूरी कर लिये जाने की संभावना है?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राजा रमन्ना) : (क) से (ग) बोफ़ोर्स तोप सौदे में जांच के बारे में दिसम्बर, 1989 के पश्चात् सरकार ने निम्नलिखित ठोस कदम उठाए हैं:—

(1) 22 जनवरी, 1990 को एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया।

(2) भारतीय अधिकारियों के अनुरोध पर स्विस अधिकारियों ने 26 जनवरी, 1990 को स्विस बैंक के छः खातों पर रोक लगा दी।

(3) 9 फ़रवरी, 1990 को स्विस अधिकारियों को एक "याचिका पत्र" (लेटर रोगेटरी) दिया गया ताकि रोके गए स्विस बैंक के छः खातों के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं एवं लाभ पाने वालों का पता लगाने के लिए जांच-पड़ताल की जा सके। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि सरकार मामले की पूरे जोरों से छानबीन कर रही है।

यह मामला न्यायाधीन भी है इसलिए इस समय किसी सूचना या दस्तावेज को प्रकट करना उचित नहीं होगा। यह जांच-पड़ताल कब पूरी होगी इस बारे में पहले से कोई निश्चित तारीख नहीं बताई जा सकती क्योंकि इसमें कई कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जानी हैं।

बोफोर्स तोप सौदे संबंधी जांच

1730. **श्री मिर्जा इर्शादबेग** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बोफ़ोर्स तोप सौदे के संबंध में स्विस बैंक के खातों संबंधी

कोई जांच की गई है; यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला है; और

(ख) क्या सरकार इस संबंध में कोई संयुक्त संसदीय समिति गठित करने का विचार रखती है?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राजा रमन्ना) : (क) स्विस अधिकारियों ने 26-1-1990 को बोफोर्स तोप सौदे में जांच के संबंध में स्विस बैंक के छः खातों पर रोक लगा दी । जांच चल रही है ।

(ख) इस समय इस मामले में संयुक्त संसदीय समिति गठित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

देश में परमाणु ऊर्जा संयंत्र

1731. **श्री सोज़ी इर्शादबेग :** क्या **परमाणु ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि देश में कार्यरत वर्तमान परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की संख्या कितनी है और इनसे कितनी ऊर्जा का उत्पादन होता है तथा भविष्य के लिए ऊर्जा उत्पादन के क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा नव एवं अक्षय विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (प्रो० एम०जी०के० मेनन) : भारत में इस समय छः परमाणु विद्युत रिएक्टर वाणिज्यिक स्तर पर काम कर रहे हैं जिनकी कुल स्थापित क्षमता 1230 मेगावाट है । आशा है कि वित्त वर्ष 1990-91 में 235 मेगावाट क्षमता वाला एक और यूनिट वाणिज्यिक स्तर पर काम करने लगेगा । आठवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक बिजली की कुल स्थापित क्षमता बढ़कर 2170 मेगावाट तक हो जाने की आशा है । परमाणु ऊर्जा विभाग के परमाणु ऊर्जा संबंधी कार्यक्रम का लक्ष्य इस शताब्दी के अन्त तक बिजली की कुल स्थापित क्षमता को बढ़ाकर 10,000 मेगावाट तक करने का है ।

Budget allocation for education

1732. DR. NARREDDY THULASI REDDY: Will the PRIME MINISTER be pleased to state;

(a) what was the percentage of allocation for education in the Central budget for 1989-90; and

(b) whether there is any proposal under Government's consideration to increase the 'said allocation?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EDUCATION IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (PROF. M. G. K. MENON): (a) and (b) During the year 1989-90, the Revenue expenditure of the Central Government as Budgeted for, was Rs. 59,642 crores while the allocation for Education in the Revenue budget was Rs. 1577.64 crores which works out to 2.64 per cent.

The allocation for the Department of Education in the Central budget for 1990-91 just presented to Parliament (Revenue expenditure) is Rs. 1709.47 crores. This involves an increase of about 8 per cent over the allocation for the previous year.

Rehabilitation of Indian Army deserters

1733. SHRI S. S. AHLUWALIA; Will the PRIME MINISTER be pleased to state;

(a) whether it is a fact that some members of the Indian Army, Air Force and Navy, belonging to the Sikh Community, had deserted their respective stations consequent to the Operation Blue Star in Punjab, in 1984; if so. what was their respective number, service-wise;

(b) whether it is also a fact that Government had decided subsequently to rehabilitate these deserters outside the armed forces; and

(c) if so, what are the details of deserters rehabilitated so far year-wise?